बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्यालय आदेश

का0आ0सं0–5/अ0प्र0–01–03/2020 328 /पटना, दिनांक 03/9/24

श्री रामाशीष पासवान, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रजौली को विभागीय अधिसूचना सं0 2561 सहपठित ज्ञापांक 2562 दिनांक 24.10.2018 द्वारा सहायक अभियंता के पद पर स्थायी रूप से अवनति की शास्ति अधिरोपित की गयी। तदोपरांत विभागीय अधिसूचना सं0 12211 दिनांक 10.12.2018 द्वारा श्री सत्येन्द्र राय, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, टिकारी को अपने कार्यों के अतिरिक्त कार्य प्रमंडल, रजौली का अतिरिक्त प्रभार दिये जाने के फलस्वरूप श्री पासवान द्वारा दिनांक 10.12.2018 के अपराह्न में अपने धारित पद का स्वतः परित्याग किया गया। प्रभार त्याग करने के उपरांत श्री पासवान द्वारा दिनांक 11.12.2018 के पूर्वाह्न में मुख्यालय में योगदान समर्पित किया गया।

2. विभागीय अधिसूचना सं0–342 दिनांक 11.01.2019 द्वारा श्री रामाशीष पासवान, सहायक अभियंता (पदस्थापन की प्रतीक्षा में) को सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, क्षेत्रीय प्रयोगशाला, दरभंगा में पदस्थापन किया गया। उक्त पदस्थापन के फलस्वरूप श्री पासवान द्वारा दिनांक 14.01.2019 को सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, क्षेत्रीय प्रयोगशाला, दरभंगा के पद का स्वतः प्रभार ग्रहण किया (दिनांक 24.10.2018 से दिसम्बर, 2018 तक का वेतन भुगतान श्री पासवान को कर दिया गया है)।

3. अतएव उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में दिनांक 24.10.2018 से 13.01.2019 तक की अविनियमित अवधि को निम्न रूप से विनियमित किया जाता है:–

(i) दिनांक 24.10.2018 से दिनांक 10.12.2018 तक की सेवा को प्रभार अवधि के रूप में ।

(ii) दिनांक 11.12.2018 से दिनांक 13.01.2019 तक की अवधि को प्रभार रहित अवधि के रूप में ।

4. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(कुमार अनिल सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–5/अ0प्र0–01–03/2020 5047 /पटना, दिनांक 03/9/24

प्रतिलिपि:–महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:–5/अ0प्र0–01–03/2020 5047 /पटना, दिनांक– 03/9/24

प्रतिलिपि:–अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/मुख्य अभियंता–06, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी/आई0 टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव